दिनांक 29.07.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# इच्छुक महिला स्व–सहायता समूह को वृक्षारोपण के साथ रोजगार के अवसर

**भिलाईनगर।** भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अमृत मित्र योजना अंतर्गत वुमेन फार ट्री अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अमृत 2.0 मिशन के दिशा–निर्देशों के अनुरूप, वृक्षारोपण, रखरखाव, जागरूकता एवं पर्यावरणीय अभियान से संबंधित कार्यों हेतु डे–एन यू एल एम मिशन अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक महिला स्व–सहायता समूहों से नगर पालिक निगम भिलाई .क्षेत्र में उक्त कार्य के संचालन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति ऑफर दिनांक 01.08.2025 को सायं 5:30 बजे तक स्पीड/पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत हाथों–हाथ आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति में चयनित स्थलों पर वृक्षारोपण, पौधों की देख–रेख/सिंचाई एवं संधारणीय निगरानी, पौधो की जियो टैगिंग और नियमित प्रगति रिपोर्टिंग, वृक्षारोपण एवं पर्यावरणीय संरक्षण हेतु सामुदायिक सहभागिता को सम्मिलित किया गया है। रूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज 100 रूपये का डिमांड ड्राफ्ट, शपथपत्र, स्व सहायता समूह के विवरण, स्व सहायता समूह के द्वारा अद्यतन कृत कार्यो का विवरण, पदाधिकारियों का विवरण, आवेदन पत्र के साथ समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, समूह की हालिया बैठक की कार्यवाही विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 01.08.2025 निर्धारित है। इच्छुक स्व सहायता समूह निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व मुख्य कार्यालय के उद्यान विभाग से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन कर सकते हैं।

